

## एक नजर में

### सेमेरिटंस के छात्रों का एनसीसी कैडट्स के लिये चयन

**नर्मदापुरम।** समेरिटंस विद्यालय के दो ए कैडेट वेदभूषण शर्मा और अर्णव



तिवारी का चयन सर्वश्रेष्ठ श्रेणी के लिए हुआ है। उक्त दिनों कैडेट्स सोमवार को 13 एमपी बटालियन के अधिकारियों के साथ भोपाल जाएंगे, जहां उनका साक्षात्कार होगा। यहां चयन होने पर वह आगे जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए एनसीसी अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने बताया कि कमान अधिकारी के निर्देशन और नायब सूबेदार रामवतार सिंह के मार्गदर्शन में उक्त कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। सोमवार को वे भोपाल में ये ग्रुप कमांडर के समक्ष अपनी सैन्य कार्यकुशता, शस्त्र प्रशिक्षण, अनुशासन, व्यक्तिगत विकास, ड्रिल आदि की प्रस्तुति देंगे। जिस आधार पर इनका सिलेक्शन होगा और ये राष्ट्रीय स्तर तक जाएंगे। और वेदज्ञ भूषण शर्मा। समेरिटंस विद्यालय के उक्त दोनों कैडेट्स की इस उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, एनसीसी अधिकारी स्नेहा उपाध्याय, उप प्राचार्य आर के रघुवंशी ने खुशी जाहिर कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# दुर्गम घाटियों को पार कर पहुंच रहे नागद्वारी

## नागद्वारी मेले में अब तक 40,000 से अधिक पहुंचे श्रद्धालु, जिला प्रशासन समर्पित भाव से तैनात



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/20,जुलाई,2025/** पचमढ़ी में चल रहे नागद्वारी मेले में सतपुड़ा के घने जंगलों में स्थित नागद्वारी गुफा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का रैला निरंतर बढ़ रहा है। निर्जन वनों एवं दुर्गम घाटियों की बाधाओं को पार करके भक्तों का सैलाब पद्मशेष नागद्वार मंदिर पहुंच रहा है। साल में एक बार खुलने वाले इस मंदिर के प्रति भक्तों की अटूट आस्था एवं विश्वास ही है जो वे सभी इन कठिनाइयों को भी परास्त कर भगवान पद्मशेष नागद्वार के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सदियों पुराने नागद्वारी मेला के संबंध में अनेको कथाएं प्रचलित है जिनसे मेले के महत्व के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। इसी ऐतिहासिक मेले के साक्षी बनते हुए आज दिनांक तक 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के दर्शन किए।

प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए यथासंभव हर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है जिससे भक्तों को यह सफर तय करने में आसानी हो। ऐसी मान्यता है कि छिन्दवाडा के निकट सौंसर की एक दम्पत्ति हेवत राम एवं मैना देवी जिनके यहा संतान नहीं होती थी इस दंपति ने पदमशेष में मानता करी थी की यदि उनके यहा संतान होती है तो वो नाग देवता को काजल लगायेगी। समय के साथ उनके यहा श्रवण कुमार नामक पुत्र का जन्म हुआ किन्तु किन्हीं कारणवश अपनी मानता भूल गई, तब नाग देवता ने इस दम्पत्ति के स्वप्न में दर्शन देकर उन्हें उनकी मानता की याद दिलाई तब ये दंपत्ति नागदेवता को आंख में काजल लगाने के लिए नागद्वारी पहुंची तब नागदेवता ने अपने विराट रूप के दर्शन दिये किन्तु मैना देवी नागदेवता के विराट रूप को देख कर डर गई और अपनी मानता पूरी नहीं कर पाई। तब नागदेवता ने उनके पुत्र श्रवण कुमार को डस लिये जिससे उनकी मृत्यु हो गई जिनकी समाधी आज भी इस स्थल पर मौजूद है।

इसी परम्परा एवं मानता के आधार पर महाराष्ट्र एवं अन्य जिलों से श्रद्धालु प्रतिवर्ष नागदेवता को काजल अर्पित करने नागद्वार आते है। यह मेला कई वर्षों से निरंतर चला आ रहा है. जिला प्रशासन एवं महादेव मेला कमेटी द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से इस वर्ष सी.सी.टी.वी से पदमशेष नागद्वार मंदिर की निगरानी की जा रही है।

मेला क्षेत्र में होने वाली समस्त गतिविधियों पर महादेव मेला समिति सचिव अनीशा श्रीवास्तव एवं अन्य उच्चधिकारियों द्वारा निरन्तर नजर बनाये रखे हुऐ है, प्रतिदिन बैठक कर मेले का अपडेट लिया जा रहा है तथा मेला क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को तत्परता से हल किया जा रहा है। नागद्वारी मिले के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके द्वारा मेले में प्रत्येक सेक्टर पॉइंट से वायरलेस कनेक्टिविटी को जोड़ा गया है। किसी भी वस्तु की आवश्यकता पड़ने पर कंट्रोल रूम के माध्यम से संबंधित विभाग के साथ समन्वय कर सेक्टर पॉइंट्स पर सभी आवश्यक सामग्रियों की पूर्ति की जा रही है साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्यूटी स्थान पर उनकी उपस्थिति को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के माध्यम से मेले में दर्शन करने आये श्रद्धालू जो अपने परिजनों से बिछड जाते हैं, उनको पुलिस एवं आपदा प्रबंधन के जवानों से समन्वय कर परिजनों से मिलवाया जाता है। उक्त कार्य के लिए जगह-जगह पर खोया पाया केंद्र भी बनाए गए हैं। केंद्र पर उपस्थित संबंधित कर्मचारियों द्वारा पूरी सजगता एवं मुस्तैदी के साथ बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को अपने परिजनों से भी मिलवाया जा रहा है।

श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा उनके विश्राम के लिए विभिन्न स्थानों पर टेंट लगाकर उनके विश्राम की व्यवस्था की गई है। भक्तों के संपर्क एवं संचार संसाधनों को मजबूत करने के लिए इस वर्ष अलग-अलग स्थान पर उनकी सुविधाओं के लिए मोबाईल चार्जिंग स्टेशन भी उपलब्ध कराया गए है। पुलिसबल, डॉक्टर, आपदा मित्र, होमगार्ड की टीम 24 घंटे राउंड वार श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं निरन्तर सेवा के लिए विभिन्न प्वाईन्टों पर मौजूद है, इनके साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार भी अपने प्वाईंटों पर तैनात है.

# छात्राओं से बैड टच करने पर शिक्षक को किया निलंबित

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/20,जुलाई** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उमावि बघवाड़ा विकासखंड सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम के प्रभारी शिक्षक श्री राम आशीष पाण्डेय द्वारा विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्राओं के साथ अभद्र आचरण एवं बैड टच की गंभीर शिकायतों के आधार पर एवं प्राप्त तथ्यों की पुष्टि होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत उक्त शिक्षक का कृत्य प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक एवं अनुशासन हीनता की श्रेणी में पाया गया। उक्त संबंध में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम द्वारा तत्काल प्रभाव से श्री राम आशीष पाण्डेय को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा से हटाकर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोहागपुर में अटैच किया गया है। इसके अतिरिक्त, उनके विरुद्ध है शासकीय आवश्यक अनुशासन त्मक कार्यवाही भी प्रस्तावित की जा रही है। तत्संबंध में प्रभारी प्राचार्य श्री सुनील कुमार झारानिया को छात्राओं द्वारा की गई शिकायत को गंभरीता से न लेने पर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है और हिदायत भी दी गई है कि तत्संबंध में संतोषजनक स्पस्टीकरण प्रस्तुत करें अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।




**इटारसी** पिपलेश्वर गार्डन में आयोजित सर्वोदय संकल्प शिविर के तीसरे दिन समापन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारा प्रतिभागीयो को प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे गजानन तिवारी हरिनारायण थापक धर्मेंद्र मालवीय बाबू चौधरी पंकज राठौर अनिल रैकवार लाली सलूजा मयूर जायसवाल चंदू दुबे दीपक धर अमित गुप्ता करण भदोरिया नारायण गौर आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे.

# विधायक प्रतिनिधि श्री पटेल ने किया मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 20 जुलाई** कृषि उपज मंडी परिसर में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण आज रविवार को विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने किया। उन्होंने इस दौरान मौके से ही ठेकेदार से बात करके काम में तेजी लाने के निर्देश दिये।रविवार को विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने आज मंडी परिसर में चल रहे 1 करोड़ की सड़क निर्माण और मंडी के गेट के पास माधव राव सिंधिया की प्रतिमा स्थल पर बन रहे उद्यान का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने यहां कार्यरत कर्मचारियों से कार्य की जानकारी ली तथा मौके से ही कॉल करके ठेकेदार से बात की। श्री पटेल ने ठेकेदारों से कहा कि कार्य की गुणवत्ता का खास ध्यान रखें और इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए। उन्होंने काम में तेजी लाने को कहा।

## प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नर्मदापुरम.** कार्यालय कलेक्टर अंतर्गत संपूर्ण परिसर में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाये रखने तथा जिला नर्मदापुरम की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पृष्ठभूमि को दृष्टिगत रखते हुए असामाजिक बाहरी तत्वों पर नियंत्रण तथा सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के खतरे आदि की सम्भावनाओं को नियंत्रित किया जाना नितांत आवश्यक है। अत: कार्यालय कलेक्टर अंतर्गत संपूर्ण परिसर में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री डी. के. सिंह,, द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) (3) में प्रदत शक्तियों के अनुरूप कार्यालय कलेक्टर अंतर्गत संपूर्ण परिसर अंतर्गत उक्त आदेश लागू किया.

# भवन निर्माण के लिए समाज को दान दी राशि



**नवभारत न्यूज**

**खिरकिया, 20 जुलाई 2025** चंद्रप्रकाश बिल्लौरे, रमेश चन्द्र बिल्लौर, बालकृष्ण बिल्लौरे भोपाल (मांदला / सिराली वालों ने )अपने पिता स्वर्गीय श्री हीरालाल जी बिल्लौरे पटवारी , एवं माताजी स्वर्गीय श्रीमती कमला बाई बिल्लौरे की स्मृति में नार्मदीय मांगलिक भवन खिरकिया के निर्माण कार्य हेतु रूपए 1,11,000/- रूपए एक लाख ग्यारह हजार की राशि समाज के शशिकांत बिल्लौरे, जगदीश टेमले, अनिल पाराशर, जयंत पारे खिरकिया को चेक द्वारा प्रदान की नार्मदीय ब्राह्मण समाज की और से रजनीकांत भरद्वाज द्वारा उनका आभार व्यक्त किया।

**पिपरिया.** बेरशेवा इंटरनेशनल स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।बेरशेवा इंटरनेशनल स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल रही।

## श्रीरंग भजन मंडली का 55वां वार्षिक उत्सव 24 जुलाई से

**पिपरिया** श्रीरंग भजन मंडली का 55वां वार्षिक उत्सव का आयोजन 24 जुलाई से 27 जुलाई तक होगा। श्रीरामानुज संत्सग भवन तिलकवार्ड में श्रावण मास की मनोरम परिवेश में श्रीरंगभजन मंडली का 55वां वार्षिक उत्सव श्रीविशिष्टादैत सिद्धांत प्रर्वतक स्वामीजी सुदर्शनाचार्य जी महाराज के संरक्षकत्व में एवं श्रीयुवराज स्वामीजी रामकृष्णाचार्य जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। युगल श्री राघवेन्द्र सरकार के दिव्य झूलन दर्शन,भजन कीर्तन का आयोजन भी प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से होगा।

# माता-पिता की सेवा सारे तीर्थ धाम के बराबर

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 20 जुलाई** माता पिता की सेवा में ही ईश्वर के सभी तीर्थ धामों के दर्शन का फल मिलता है। आजकल लोग तीर्थ यात्राओं पर जाते है और ऊपरी मन की भक्ति दिखाते है और उनके घर में देखो तो माता पिता दुखी है, उनकी सेवा तो छोड़िए कई घरों में उन्हें समय पर भोजन पानी भी नहीं मिलता। उनके बच्चे तीर्थ क्षेत्रों पर जाकर ऐसी भक्ति दिखाते हैं जैसे उनसे बड़ा कोई भगवान भक्त ही नहीं है। ऐसे लोगों की भक्ति ईश्वर स्वीकार नहीं करते जिनके मातापिता घर में दुखी हैं। सबसे पहले अपने माता पिता का ध्यान रखें, उनकी सेवा करें, उनके सुख दुख को सुने, उनके साथ समय बिताए ऐसा करने से ईश्वर की कृपा आपके ऊपर स्वत: ही बनी रहेगी।

उक्त उदगार श्रीमती मनोरमा देवी गुप्ता एवं परिवार बैंगलोर द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन व्यासपीठ से श्रीश्री 1008 युवराज स्वामी रामकृष्णा चार्य जी ने व्यक्त किए। पंचम दिवस की कथा में महाराज श्री ने श्रीकृष्ण बाल लीला एवं गोवर्धन लीला को कथा विस्तार से श्रोताओं को सुनाई। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ कथावाचकों के बहकावे में आकर लोगो ने भक्ति में पाखंड का सहारा ले लिया है। जिन्हें शास्त्रों और पुराणों का पूर्ण जान नहीं है ऐसे लोग कई प्रकार के टोटके और उपाय बताकर लोगों की समस्या हल होने का दावा करते है।

वैसे तो यह कार्य वे साल भर करते हैं लेकिन सावन में पाखंडियों का खेल बड़ा हो जाता है। लेकिन भगवान भोलेनाथ तो साफ मन से अर्पित किए हुए पुष्प, माला ओर धतूरे से भी प्रसन्न हो जाते है। भोलेनाथ या किसी भी भगवान को प्रसन्न करने के लिए किसी आडंबर या पाखंड की आवश्यकता नहीं है यह बात लोगों को समझनी होगी।

## 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**पिपरिया** शासकीय चिकित्सालय में निःशुल्क सेवाभावी संस्था नन्हे कदम वेलफेयर फाउंडेशन व रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 32 पुरूष,महिलाओं व युवको ने रक्तदान किया। जिला रेडक्रास सोसायटी ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से शेरसिंह बडकुर,जीके शर्मा,धीरज मंडलोई, लेबटेक्निशियन गजानंद यादव, रवि यादव, चिकित्सालय से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.श याम सोडानी,ब्लड स्टोर प्रभारी रोहित द्विवेदी सहित स्वास्थ्य विभाग टीम के समक्ष रक्तदान हुआ।

# अग्रवाल महिला प्रकोष्ठ ने की सामाजिक विषयों पर चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 20 जुलाई** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सभा की बैठक का आयोजन स्थानीय नेहरू पार्क में किया गया, जिसमें सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में श्रावण मास में सामूहिक शिव अभिषेक, वृक्षारोपण, हरियाली तीज महोत्सव पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 27 जुलाई को हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय नेहरू पार्क में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल समाज की ओर से 15 वर्षों से लगातार हरियाली तीज महोत्सव मनाया जा रहा है। बैठक के बाद महिला मंडल द्वारा विशेष गेम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम ऊषा गुप्ता, द्वितीय दीप्ति अग्रवाल, तृतीय भारती अग्रवाल रही। कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की प्रदेश अध्यक्ष



भारती अग्रवाल, नगर अध्यक्ष निरुपमा अग्रवाल, मंत्री अंजू अग्रवाल, नगर सलाहकार आशा अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, उषा अग्रवाल भावना अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## बंद मकान में भीषण आग

**इटारसी, 20 जुलाई** नगर के सूरजगंज इलाके में रविवार सुबह एक बंद मकान में आग लग गई। इस दौरान मकान में कागज के कार्टून, कपड़े और अन्य सामान रखा था। पड़ोसियों ने धुआं देखते ही मकान का ताला तोड़कर आग बुझाने की कोशिश की।

**तीन फायर ब्रिगेड ने पाया काबू** - आग तेजी से फैलने के कारण नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड ने तीन फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया। रोशन, राकेश पंजवानी, रोमी ठाकुर और दिनेश उपाध्याय ने आग बुझाने में मदद की।

**अज्ञात कारणों से मकान में लगी आग** -मकान मालिक राम पंजवानी ने बताया कि आग से उनके घर को काफी नुकसान हुआ है। नुकसान का सटीक आकलन अभी नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जांच में आग का कारण अज्ञात माना जा रहा है। पुलिस और नगर पालिका की टीम मामले की जांच कर रही है।

## श्री समर्पण श्री ने किया सीएमओ के खिलाफ प्रदर्शन

**नर्मदापुरम** श्री समर्पण श्री संस्था ने फिर एक बार बदहाल नर्मदापुरम शहर को व्यवस्थित और साफ़ बनाने के लिए आँख पर काली पट्टी बांधकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी का विरोध किया। रविवार को संस्था के सदस्यों ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर स्थानीय सतरस्ते पर प्रदर्शन किया।संस्था के स्वदेश सैनी ने कहा की आप सभी जानते हैं कि इस जिले की सबसे निष्क्रिय और निकृष्ट नगर पालिका सीएमओ द्वारा नगर की व्यवस्था में सुधार के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए है,नगर में जहां तहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है,आधे से ज्यादा शहर में ब्लैक आउट जैसी स्थिति है.

# डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन ने कराई विश्व शतरंज दिवस पर प्रतियोगिता



**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 20 जुलाई** शतरंज के खेल प्रेमियों के लिए डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में बागवान होटल में रविवार को विश्व अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस पर जिला स्तरीय ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के द्वारा की गई। वहीं विषेश अतिथि के रूप में विनोद बंसल अग्रवाल समाज अध्यक्ष रहें। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से ऊपर वर्ग में प्रथम स्थान कोस्तुभ उपाध्याय, द्वितीय अभिषेक नायरे, तृतीय अजय उपाध्याय ने प्राप्त किया।

वहीं 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान शिवांश गौर , द्वितीय स्थान नैनशि रघुवंशी, तृतीय स्थान ध्रुव मीणा ने प्राप्त किया । प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम आयु के 50 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही 14 वर्ष से अधिक में 28 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन ने अध्यक्ष आलोक जैन ने कहां कि हमारी समिति के द्वारा हरदा जिलेवासियों को एक मंच देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही विशेष अतिथि विनोद बंसल ने विजयी प्रतियोगियों को पुरूस्कार वितरण कर एसोशियेशन को 15 चेस बोर्ड देने की घोषणा की ।

इस दौरान डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक जैन , सचिव पी सी पोर्ते , मिडिया प्रभारी रोहित तिवारी, कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल, उपाध्यक्ष जय शंकर कानवा, रामनिवास जाट, राजेश बिलिया, मनीष प्रजापति,अनिता मिश्रा, आर वर्नाड, आर जी रघुवंशी, मनमोहन कुशवाहा सहित अन्य बच्चों के माता-पिता एवं अन्य गण मन नागरिक उपस्थित थे।

# ब्लॉक सेवादल कार्यकारिणी का गठन

**नवभारत न्यूज**

**माखन नगर, 20 जुलाई** माखन नगर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को एक निजी गार्डन में किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डन पांडे की उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष सुबोध दुबे ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं, जिनमें तपेश कहार, अहमद अली, बलराम अहिरवार, राजेंद्र राजपूत, चैना माझी और गौरी शंकर यादव शामिल हैं। वहीं, चार सचिवों में लीलाधर यादव, कमलेश मेहरा, वकील गुर्जर और राजकुमार यादव को जिम्मेदारी दी गई है। रूप सिंह आदिवासी, अभिषेक

कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डन पांडे की उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष सुबोध दुबे ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मीणा, धनराज यादव, प्रशांत, लक्ष्मण परतै, अर्जुन गुर्जर, रितेंद्र यादव, शुभम यादव और राम सेवक यादव को महामंत्री और महासचिव पदों पर नियुक्त किया गया है। भारत पटेल को संगठन मंत्री, अमित चौरे को महामंत्री और दीपक परसाई को प्रवक्ता बनाया गया है। कार्यक्रम में सेवादल युवा बिग्रेड से गज्जू तिवारी, नगर अध्यक्ष संजय गिल्ला, यशवंत राजपूत, शैलेंद्र गोयल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**इटारसी।** समीपस्थ तवानगर में कल 21 जुलाई सोमवार से 28 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। इंद्रजीत यादव ने बताया कि उनके पिता स्व. अशोक यादव की वार्षिक श्राद्ध के निमित में इस कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भागवत कथा का वाचन व्यासपीठ छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से आए हुए पंडित अविनाश तिवारी करेंगे। उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से निवेदन किया है, कल सोमवार को कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल शिमला हिल्स कॉलोनी, यादव निवास पर पहुंचेगी, इसके पश्चात विधिवत कथा प्रारंभ होगी।

# बिना डिग्री के पैर पसार रहे हैं झोलाछाप डाक्टर

शासन द्वारा, बिना डिग्री के संचालित क्लीनिक पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए है। बावजूद इसके जिम्मेदार इन छोलाझाप डाक्टरों को शह दे रहे हैं

**नवभारत न्यूज**

**हण्डिया 20 जुलाई** प्रदेश में स्वास्थ सुविधाओं के विस्तार को लेकर जहां करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये जा रहे हैं। वही दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ सुविधाओं के नाम पर झौलाछाप मुन्नाभाई भोले- भाले ग्रामीणो का इलाज के नाम पर खुला शोषण कर उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। जिले में बैठे जिम्मेदारों को जानकारी होने के बाद भी झौलाछाप मुन्नाभाई अपनी दुकान खुलेआम चला रहे हैं। ओर सक्षम अधिकारी चुप्पी साधे क्यों बैठे हैं ? जबकि शासन द्वारा, बिना डिग्री के संचालित क्लीनिक पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए है। बावजूद इसके इलाज के नाम पर मरीजों कि जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

**गांव गांव मुन्ना भाइयों के क्लीनिक** - उधर जानकारों कि माने तो गाँव- गाँव में झौलाछाप मुन्ना भाईयों कि क्लीनिक और मेडिकल खुल गए हैं। जिम्मेदारों ने इस बात की कभी तहकीकात नहीं की जो क्लीनिक या मेडिकल दुकान यहाँ खोली गई है उसके पास रजिस्ट्रेशन है भी या नही डिग्री है या नहीं हंडिया तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में बंगाली झोलाछाप डॉक्टर चला रहे हैं अपनी दुकान।

**बिना पर्ची के हजारों रूपये की गोली दवा इंजेक्शन मिल जाते हैं** - बिना पर्ची के मेडिकल से हजारों रूपयों की गोली दवा इंजेक्शन ले जाते हैं यह झौलाछाप तब नियम कहाँ चला जाता है क्या उन्हें लोगों की जान से खिलवाड़ करने का अधिकार दे रखा है।

ये सबाल आज भी ग्रामीणों की दबी जुवान से निकल रहा है तथा कथित झौला छापों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी या ऐसी ही यह मुन्ना भाई लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे।